हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 मुख्यमंत्री साय बगिया के बूथ में आज बनाएंगे भाजपा के सौ सदस्य



11 ट्रांसफर के 10 दिन बाद भी रिलीव नहीं तहसीलों ...



## खबर संक्षेप




### शौचालय निर्माण में गड़बड़ी, सरपंच को नोटिस

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत टेढ़ी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण ग्रामीणों द्वारा किया गया। जिसकी राशि की आहरण सरपंच व सचिव द्वारा कर लिया गया है। इस राशि को हितग्राहियों को नहीं दिया गया है। जिसके कारण 1692000 रुपए को अनुविभागीय अधिकारी साजा द्वारा वसूली करना है, जिस संबंध में नोटिस पूर्व एवं वर्तमान सरपंच को थमाया गया है। अभी भी 14 वें व 15 वें वित्त की राशि की जांच प्रक्रियाधीन है। सरपंच एवं सचिव के भ्रष्टाचार को देखते हुए जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत संचालित खातों में रोक दी है।

### जनमुक्ति मोर्चा का फ्लैग मार्च 27 को

**बालोद।** जनमुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा कामरेड शंकर गुहा नियोगी को क्रांतिकारी लाल सलाम शहादत दिवस 28 सितंबर के अवसर पर दल्लीराजहरा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले भर से मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 18 से 28 सितंबर तक नियोगी की जन्मदिन पर डौण्डीलोहारा क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे किसान मजदूर की एकता के प्रतीक लाल हरा झण्डा के सम्मान में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा। 28 सितंबर को दोपहर 1 बजे देशभर के आदिवासी समाज की सांस्कृतिक परंपराओं, उनकी अस्मिता एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर सैन्य बलों द्वारा किये जा रहे हमलों के विरोध में जन प्रतिरोध रैली व आमसभा का आयोजन किया जाएगा।

### ओबीसी महासभा की रैली 27 को

**बालोद।** ओबीसी समाज द्वारा लंबित राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी के पृथक से कोड नंबर निर्धारित कर जनगणना किए जाने, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने एवं अन्य क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर 27 सितंबर को ओबीसी महासभा द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ एवं जिला इकाई बालोद जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा महिला मोर्चा बालोद भगवती सोनकर, अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा राजेश साहू, संरक्षक संपत कलिहारी, एकनाथ सिन्हा, भुवन सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### हीरापुर में रामधुनी सम्मेलन कल से

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में मातृ नवमी के अवसर पर 26 से 27 सितंबर तक दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच हीरापुर कुलेश्वरी ठाकुर होंगी, अध्यक्षता शंभूराम साहू करेंगे।

### रमतरा में रामधुनी प्रतियोगिता आज से

**गुरूर।** ग्राम रमतरा में समर्पण युवा दल एवं ग्रामवासियों द्वारा 25, 26 एवं 27 सितम्बर को तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। केदार कुरपाल ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपये, तृतीय 2001 रुपये, चतुर्थ 1501 रुपये एवं 1001 रुपये पुरस्कार रखा गया है। समिति अध्यक्ष ताम्रध्वज हिरवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में 13 मंडलियां हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन 25 सितंबर को दोपहर 12 बजे होगा।

# प्लांट के विरोध में दूसरे दिन भी जारी रहा धरना, 30 गावों के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में इथेनॉल प्लांट व सरदा में निर्माणधीन फैक्ट्री के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। लगभग 30 गावों के ग्रामीण प्लांट का विरोध कर रहे हैं।

धरना स्थल पर काफी संख्या में मौजूद किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। साथ ही कहा कि जिस तरह से निर्माण की गति चल रही है, उससे किसानों में बेचैनी देखी जा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हमारा शांतिपूर्ण आंदोलन शासन प्रशासन के निर्देशानुसार जारी है। आंदोलनकारी किसान, शासन प्रशासन से पूछ रहे हैं की कितने दिन का टारगेट है, जिससे प्लांट बंद किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रशासन का कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। मंगलवार भी बड़ी संख्या में महिला, बच्चे एवं पुरुष उपस्थित रहे। इस समय धरनारत किसानों के मन में बेचैनी और इस आंदोलन को आगे बढ़ाने अलग-अलग सुझाव सभी मंच से अपने अपने हिसाब से संगठन के नेतृत्व करने वाले रख रहे हैं।

## धरना-प्रदर्शन के बीच आंदोलनकारियों से मिलने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा



### प्रदर्शन में प्रबुद्ध वर्गों को शामिल करने की तैयारी आखिरी रास्ता ट्रैक्टर लेकर सीएम हाउस घेराव

धरना स्थल में दिए जा रहे सुझावों के अनुसार कई तरह की रणनीति बन रही है। इसके अनुसार अगर शासन-प्रशासन ने समय रहते मांग को पूरा नहीं किया, तो सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पूर्व न्यायाधीश, पर्यावरणविद, पूर्व कुलपति, प्रबुद्ध नागरिकों का समर्थन हासिल कर आंदोलन को आगे बढ़ाने की रूप रेखा दिखाई पड़ रही है। वहीं, महिलाओं और बच्चों के साथ बेमेतरा शहर में लंबी पदयात्रा निकालने की भी योजना बनाई जा रही है। इसके बाद भी यदि मांग पूरी नहीं हुई ओर फैक्ट्री निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर से राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की चेतावनी दी है।

**मांग**

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारी सूर्या सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया गया शहर बंद

# बंद का दिखा चौतरफा असर नहीं खुले दुकानों के शटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को बेमेतरा पूर्णतया बंद रहा। सुबह से ही शहर के सारे प्रतिष्ठानों के शटर बंद रहे, जो दोपहर बाद भी नहीं खुले। आक्रोशित सर्व समाज व व्यापारी वर्ग व युवाओं की टोलियां दो पहिया वाहनों से शहर में घूम-घूमकर बंद की अपील करते रहे। इसके कारण काफी अरसे बाद बंद का असर पूरे जिला मुख्यालय में दिखाई दिया। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, किसी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हुई। पुलिस भी बंद के आह्वान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद नजर आई।

- शहर में घूम-घूमकर बंद की अपील करते रहे व्यापारी व युवा

गौरतलब हो कि बीते दिनों छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारी सूर्या सिंह चौहान व उसके साथियों पर शहर के व्यापारी के पुत्र हर्षित सलूजा सहित अन्य लोगों के साथ हमला कर मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले में सूर्या सिंह चौहान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहर के व्यापारियों एवं सर्व समाज की बैठक हुई थी। बैठक में घटना को लेकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया गया और पुलिस प्रशासन से 23 सितंबर तक गिरफ्तार नहीं किए जाने पर 24 सितंबर को जिला मुख्यालय बंद की चेतावनी दी गई थी। इसके तहत 24 सितंबर को सर्व समाज व व्यापारियों के बैनर तले बंद कर विरोध जताया गया।





**बंद में सहयोग और समर्थन पर जताया आभार:** सर्व समाज एवं व्यापारी वर्ग ने बयान जारी कर बेमेतरा नगर बंद में सहयोग और समर्थन कर सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी व्यापरियों एवं सभी समाज के सम्मानित नागरिकगणों का आभार जताया है।

### मामले का एक और आरोपी पकड़ाया, अब तक 7 गिरफ्तार



इस बीच पुलिस ने व्यापारी के पुत्र से मारपीट करने व वाहन को क्षति पहुंचाने के आरोप में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के एक और कार्यकर्ता को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा दिया गया है। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 7 हो गई है। पुलिस इस मामले में 6 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना है मुख्य आरोपी सूर्या सिंह चौहान की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में धारा 191(2),126(2), 324(4),109 भारतीय न्याय संहिता के तहत पंजीबद्ध अपराध में आरोपी पुरेन्द्र साहू पिता भारत लाल साहू उम्र 34 साल ग्राम माटरा थाना नंदनी जिला दुर्ग की गिरफ्तारी की गई है। इससे पहले 6 आरोपियों गजेन्द्र निषाद एवं विमल कुमार टण्डन, निलेश साहू, पार्थ मानिकपुरी, शुभम सोनी, रूपेन्द्र चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे, सउनि मोहन लाल साहू, सउनि उदलराम तांडेकर, सउनि जितेन्द्र कश्यप व गठित विशेष टीम के अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा साजा मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन के निर्देश पर साजा मुख्यालय पुराना बस स्टैंड में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

- विदेश में जाकर भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का लगाया आरोप

इस दौरान भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। पुतला दहन के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा साजा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदेश में जाकर अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की आरक्षण खत्म करने की बात कहते हैं। विदेशों में जाकर भारत के बारे में अपमान जनक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह सोच देश विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, जिसके विरोध में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता विनोद शर्मा बिसरू साहू महामंत्री साजा मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा साजा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा महामंत्री नारद देवांगन महामंत्री प्रकाश बघेल उपाध्यक्ष किशन सागरवंशी मंत्री संतोष यादव सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी चार मांगों पर 27 सितंबर को एकदिवसीय धरना रैली का प्रदर्शन करेगा।

प्रदर्शन को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी कुमार बनर्जी उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फेडरेशन अपनी चार मांगों के समर्थन में सहित घोषणा पत्र के अनुसार मोदी की गारंटी लागू करो, छत्तीसगढ़ सरकार की मांग को लेकर आवाज बुलंद करने 27 सितंबर को धरना प्रदर्शन रैली का आगाज करने का निर्णय लिया गया।

संघ ने जारी बयान में बताया कि हमारी चार मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त बैठक में जिला सयोजक अश्वनी कुमार, बलदेव पटेल, नानकराम साहू महासचिव, हितेंद्र बंजारे जिला उपाध्यक्ष, सुरेश बंजारे, सेवक राम साहू, ब्लॉक संयोजक नवागढ़, जी.एल.खुटियारे ब्लॉक संयोजक सहित बेमेतरा सहित संगठन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नवागढ़ विधानसभा के प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर सदस्य बनाने की है तैयारी

# भाजपा सदस्यता रथ को मंत्री दयालदास ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी की डिजीटल सदस्यता अभियान के लिए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने नवागढ़ विधानसभा के लिए सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री बघेल ने कहा कि भाजपा परिवार से जुड़कर राष्ट्र सेवा के लिए ग्रामीण, युवाओं महिलाओं के लिए सदस्या रथ भेजा गया है।

यह रथ नवागढ़ विधानसभा के प्रत्येक पंचायतों के बूथ में जायेगा। खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने राज्य निर्माण किया था, अब भाजपा ही राज्य को संवारेगी, हित करना जानती है।मंत्री बघेल के साथ जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, भाजपा नेता राजेश दीवान, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी रथ को हरी झंडी दिखाई। जिला पंचायत प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि रथ में प्री रिकॉर्डेड आडियो सिस्टम लगा है, जिसमें भाजपा की राजनैतिक दल के रूप में स्थापना, उद्देश्य और राष्ट्रीय उप्लब्धियों के विषय में बताया गया है, जो बेहद ही प्रेरणा दायक है। लोग इसे सुनकर भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से परिचित होकर भाजपा के सदस्य बन सकेंगे । डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि नवागढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की रिकार्ड सदस्यता होगी।




मातृ शक्ति वंदन, लखपति दीदियां, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित परिवार बड़ी संख्या में क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। आज का ग्रामीण युवा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा से जुड़कर न सिर्फ गौरवान्वित महसूस करता है वरन यह समझता भी है कि राष्ट्रीय ध्येय, राष्ट्रहित, राष्ट्र सुरक्षा और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए भाजपा ही एकमात्र पार्टी है।

## कलेक्टर शर्मा ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टोरेट पहुंचे जिलेभर से लोग, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर की उपस्थिति में मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करने के साथ ही समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 27 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया, वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को समय-सीमा पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए गए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



### मिले इस तरह के आवेदन

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम पंचायत लावातरा के निवासी लिलकुमारी ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेरला ग्राम ताकम निवासी जयश्री सोनवानी ने छात्रावास साजा के हॉस्टल में रखे जाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नांदघाट के ग्राम नगधा के समस्त ग्रामवासियों ने अंग्रेजी, गणित शिक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील दाढ़ी के ग्राम पंचायत लालपुर निवासी रूद्रकुमार साहू ने रोजगार सहायक द्वारा जीयो टैग के नाम पर रूपये के मांगने की शिकायत की। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन दिए।

### रामधुनी प्रतियोगिता व रक्तदान शिविर 28 व 27 को

**गुरूर।** नव सृजन युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी तार्री के तत्वावधान में 26 एवं 27 सितम्बर को दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपये, द्वितीय 2100 रुपये, तृतीय 1100 रुपये का पुरस्कार रखा गया है। समिति के संरक्षक गुरुचरण निषाद ने बताया कि 27 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा। अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू ने बताया कि 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू करेंगे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### आपराधिक घटनाओं के मृतकों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के चलते 9 महीने के भाजपा सरकार में राजधानी रायपुर में सैकड़ो हत्याएं हुई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर चौक मे मोमबत्तियां जलाकर इन मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सराकर की नाकाम कानून व्यवस्था से आए दिन आपराधिक घटनाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के राजधानी रायपुर या अन्य जिले मे महिलाएं सुरक्षित नही है, यहां डर का ऐसा माहोल पहले कभी नहीं देखा गया। इस अवसर पर छाया वर्मा, श्रीकुमार मेनन, राजू सोनी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, कमलेश नाथवानी, पुष्पराज बेद, ममता राय, प्रवीण चंद्राकर, मुन्ना मिश्रा, जय नारायण जलक्षत्री, अनिल रायचुरा, मोहसिन खान, बानो आमिर खान, गोपाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा प्रदेश स्तरीय कंट्रोलरूम प्रभारी होंगे रिजवी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के छह दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस मुख्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोलरूम का गठन किया गया है। कंट्रोलरूम प्रभारी सलाम रिजवी को बनाया गया है। साथ ही उनके साथ 15 सदस्यीय टीम होगी, इसमें सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, चंद्रवती साहम, पल्ल्वी सिंह, लक्ष्मी देवांगन, प्रेमलता बंजारे, आशोक चतुर्वेदी, साक्षी सिरमौर, प्रेरणा साहू, गीता सिंह, कविता वर्मा, दिनेश निर्मलकर और अनिल मित्तल को नियुक्त किया गया है। न्याय यात्रा का सफल बनाने के लिए कंट्रोलरूम से स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाने का प्रयास होगा।

### लोहारीडीह मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 4 तक दे सकते हैं साक्ष्य

**रायपुर।** कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर को शिवप्रसाद साहू की मृत्यु के बाद घटित आगजनी में रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकारी जांच शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस जांच से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति 24 सितंबर से 4 अक्टूबर सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं। मामले में शासन द्वारा जांच की घोषणा के बाद दंडाधिकारी जांच की रिपोर्ट एक माह में देने का आदेश जारी हुआ है। घटना के संबंध में सभी बिंदुओं जानकारी ली जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों से भी चर्चा करने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी।

### विधायक से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मिला आश्वासन



**रायपुर।** विधायक अनुज शर्मा ने साईंनगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल को पंजाब केसरी भवन रोड से बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साईंनगर का प्रतिनिधिमंडल विधायक के आवासीय कार्यालय पहुंचा था, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी और छगनलाल साहू समेत कॉलोनी के नागरिक जोरा क्षेत्र की 2 प्रमुख समस्याओं को लेकर विधायक से मिले। जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया।

# राजस्व मामलों का निपटारा अब नई पद्धति से, ईमेल, एसएमएस से सूचना, पेशी 21 दिन में और फैसला 6 माह में


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्द ही राजस्व प्रकरणों में आधुनिक पद्धति से प्रक्रिया चलने वाली है। दरअसल सरकार राज्य न्यायालयों की कार्यपद्धति के नए नियम लाने जा रही है। इसके लागू होने के बाद अब राजस्व न्यायालयों से संबंधित सूचनाएं ईमेल, एसएमएस और वाट्सएप से भेजी जाएंगी। एक पेशी के बाद दूसरी पेशी 21 दिनों के अंदर होगी और प्रकरणों का फैसला 6 महीने के अंदर हो जाएगा। सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ये नए नियम बनाए हैं और उन पर दावा-आपत्ति ली जाएगी। 15 दिनों में दावा आपत्तियों का निराकरण करने के बाद नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।

## राजस्व मामलों के निपटारे के लिए नए नियम

### अब पेशी 21 दिनों के अंदर होगी

किसी भी मामले में एक सुनवाई के बाद पेशी की अगली तिथि 21 दिनों से अधिक अवधि की नहीं होगी। प्रत्येक सूचना की तामीली संबंधित तहसील के भृत्य, पटेल या कोटवार के माध्यम से पक्षकार को देकर सूचना की तामीली होगी। पक्षकार उपलब्ध न हो तो उसके घर में सूचना चस्पा की जाएगी। इस काम के समय गवाह भी होगा।




### ईमेल-एसएमस से भी सूचना

खास बात ये है कि इस नई पद्धति में यह प्रावधान किया गया है कि पक्षकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पक्षकारों के शासकीय दस्तावेज में उपलब्ध डिजीटल संपर्क माध्यम ईमेल, या एसएमएस पर सूचना पीठासीन अधिकारी के कार्यालय से भेजी जाएगी और सूचना भेजे जाने के बाद इसकी डिजीटल पावती की प्रति तामीली रिपोर्ट के रूप में मान्य कर प्रकरण में अपलोड की जा सकेगी।

### नए नियमों में हैं ये प्रावधान

राजस्व न्यायालयों को लोकसेवा केंद्रों एवं नागरिक पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक, डिजीटल फार्म में आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जो संबंधित पीठासीन अधिकारी की आईडी में पोर्टल पर दिखेंगे। ऐसे आवेदन मिलने के बाद पीठासीन अधिकारी पहली सुनवाई की तारीख तय करेंगे। आवेदन संबंधित पीठासीन अधिकारी को या उनकी अनुपस्थिति में न्यायालय के वाचक(रीडर) को व्यक्तिश: या डा के माध्यम से भी दिए जा सकेंगे। आवेदन मिलने के बाद रीडर की जिम्मेदारी होगी की वह 24 घंटे के अंदर इस ई-कोर्ट प्रबंधन प्रणाली में दर्ज करेंगे। जहां तक संभव हो सके आवेदन मिलने के पहले ही दिन प्राथमिक सुनवाई की जाएगी।

### इसलिए बना रहे हैं नए नियम

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार यह बदलाव इसलिए किया जा रहा है कि राजस्व न्यायालयों में अब ई कोर्ट प्रबंधन प्रणाली लागू की जा रही है। यह एक नई प्रणाली है। इसके साथ ही वजह ये भी कि राज्य में राजस्व से संबंधित लंबित मामलों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। सबसे बड़ी समस्या ये भी है कि इन मामलों में सूचना की तामीली देरी से होने के कारण सुनवाई की प्रक्रिया में देरी होती है। इन समस्याओं का अब निराकरण हो सकेगा।

## हर बूथ में एक ही दिन में 100-100 सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य

# मुख्यमंत्री साय बगिया के बूथ में आज बनाएंगे भाजपा के सौ सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान के पहले चरण के अंतिम दिन एक बार फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश के नेताओं को बूथों पर भेजकर सदस्य बनाने की रणनीति बनाई है। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। ऐसे में इस दिन मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा के बगिया बूथ में रहेंगे और वे सौ सदस्य बनाने का काम करेंगे। इसी तरह से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा के आसना में सदस्य बनाने का काम करेंगे। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव लोरमी के तुलसाघाट और विजय शर्मा कवर्धा के एक बूथ में मौजूद रहेंगे। प्रदेश के जो भी बड़े नेता बूथों तक जाएंगे सभी को सौ-सौ सदस्य बनाने हैं। इसके लिए भाजपा ने बूथों में तैयारी की है।

- अरुण साव लोरमी के तुलसाघाट, विजय शर्मा कवर्धा और किरण देव जगदलपुर के आसना बूथ में जाएंगे

सदस्यता अभियान समिति के संयोजक अनुराग सिंहदेव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, 25 सितंबर को प्रदेश में सदस्यता अभियान का बड़ा कार्यक्रम होगा। प्रदेश के सभी बूथों पर प्रदेश के सभी बड़े नेता भी जाएंगे। इस एक दिन हर बूथ में 100-100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया, प्रदेश में सदस्यता अभियान काफी तेजी से चल रहा है। अब तक 19 लाख सदस्य बन गए हैं। हमारा लक्ष्य 50 लाख का है और इस लक्ष्य तक आसानी से पहुंच जाएंगे। हमारे कार्यकर्ता काफी उत्साह के साथ काम कर रहे हैं। श्री सिंहदेव ने बताया, सदस्यता अभियान के लिए जो भी नेता बूथों में जाएंगे, उनको वहां पर सात से आठ घंटों तक रहना है और वहां पर रहकर जहां सौ सदस्य बनाने होंगे, वहीं लोगों से मिलना-जुलना भी होगा।




### प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सर्व समाज के 1500 व्यक्तियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता


दीनदयाल उपाध्याय आडीटोरियम साइंस कॉलेज में सर्वसमाज के 15 सौ व्यक्तियों को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जोगी कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह के सम्मुख सर्वप्रथम जोगी कांग्रेस के महासचिव एवं देवांगन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, जोगी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता अविरल सिंह, बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनेश देवांगन, प्रदेश सचिव गजेन्द्र देवांगन, पूर्व विधायक आरके राय, सतनाम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे, अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष हितेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनारायण व्यास, भगत हरवंश, श्रीकांत तिवारी, डा. अवधेश मौर्या, बीएल माहना, सिन्धी समाज से नारायण मूलचंदानी, पंजाबी समान से सुधीर मग्गू, अग्रवाल समाज से राजेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता व सहकार भारती सचिव सौरभ तिवारी, मदन देवांगन, रामायण दास मानिकपुरी अभिषेक यद्यु, अधिवक्ता लक्ष्मी सैनी इत्यादि प्रमुख हैं।

### कौन कहां रहेगा

प्रदेश के मंत्रियों और नेताओं के लिए जो बूथ तय किए गए उसमें प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम लूरगी फतेहपुर बूथ में, दयालदास बघेल नौदल, ओपी चौधरी कोड़ातराई के बूथ 159, लक्ष्मीराजवाड़े मरीप, लखनलाल देवांगन कोरबा के बूथ 183, टंकराम वर्मा बलौदाबाजार ग्रामीण के बूथ 139, सरोज पांडेय दुर्ग शहर के बूथ 173, लता उसेंडी कोंडागांव के मसोरा बूथ, पवन साय भनपुरी के प्रगति नगर बूथ, संजय श्रीवास्तव शंकर नगर के बूथ 70, सांसद विजय बघेल पाटन के पतोरा बूथ, रूपकुमारी चौधरी बीजराभाठा बूथ, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा धमतरी शहर के बूथ 171 में रहेंगे। इसी तरह से सभी सांसद, विधायक, प्रदेश के और जिलों के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में रहेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री मांडविया से मिले डॉ. रमन





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष से 10वीं सीपीए इंडिया रीजन कांफ्रेंस पर मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने संबोधन के विषय सतत और समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका पर इस महत्वपूर्ण कांफ्रेंस में चर्चा की। डॉ. रमन सिंह एक्स पोस्ट पर लिखा, खेल मंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास और खिलाड़ियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद हुआ।

## ओबीसी समाज पर हमले बंद करें, दोषियों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने प्रदेश में ओबीसी समाज के लोगों पर हो रहे टार्गेटेड हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संगठन विगत चार सालों से निरंतर कैडर कैम्प के माध्यम से ओबीसी समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के लिए जागरूक कर रहा है, ताकि ओबीसी समाज को भी समान भागीदारी व सामाजिक सुरक्षा मिल सके, किंतु दुर्भाग्य ही है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ओबीसी समाज के लोगों पर निरंतर अन्याय, अत्याचारपूर्ण बर्ताव हो रहा है, जो न केवल घोर निंदनीय है, अपितु प्रदेश के सर्वांगीण विकास मे बाधक भी है। पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से प्रशांत साहू की हुई मौत एवं प्रदेश में ओबीसी समाज पर हो रहे टार्गेटेड हमले के विरोध में समिति के तत्वावधान में प्रदेश के धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर समेत विभिन्न जिलों में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक, अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्वीकार्य नहीं है।



# बैज बोले- सीबीआई की इंट्री सिर्फ कांग्रेस के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीबीआई की लिमिट तय होने पर सियासत शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सीबीआई की एंट्री पर राज्य और केंद्र सरकार के बीच तालमेल नहीं है। सीबीआई की एंट्री केवल कांग्रेस के लिए है। उन्होंने कहा, राज्य में हो रहे लेन-देन से बचने का यह रास्ता है। कांग्रेस सरकार में सीबीआई बैन पर भाजपा सवाल उठाती रही। भाजपा सरकार में सीबीआई की सीमा क्यों तय हुई, इसका जवाब दें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सीबीआई बैन था। भाजपा की सरकार आते ही इस बैन को हटा दिया गया। वहीं राज्य सरकार ने सीबीआई की लिमिट भी तय की है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान के तहत राज्य सरकार ने 9 सितंबर को अधिसूचना जारी की है, इसके मुताबिक अब सीबाआई राज्य सरकार के अधीन लोक सेवकों से संबंधित मामलों में लिखित अनुमति के बिना जांच नहीं कर सकेगी।



### राज्य सरकार जिन मामलों को सौंपेगी, उन पर जांच

राज्य सरकार ने सीबीआई के लिए ये शर्त रखी है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित लोकसेवकों से संबंधित मामलों में राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई जांच नहीं की जाएगी, जैसा कि केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के अफसर, कर्मियों संबंधित मामलों में करने की अनुमति है। अब राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच यह केंद्रीय संस्था कर पाएगी।

### आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही

जातिगत आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा द्वारा कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही है। भाजपा आरक्षण की हितैषी है, तो राजभवन में लंबित विधेयक पर ध्यान दे। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना को लेकर बैज ने कहा, राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सरकार का नियंत्रण नहीं दिख रहा। जनता में इस बात को लेकर आक्रोश है। सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी है।

**जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक थे आरक्षण के खिलाफ**

# संगम लाल ने कहा- कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रभारी और प्रतापगढ़ (उप्र) के पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा, कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान अपने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा, जब भारत में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र में बनेगी, तो हमारी (कांग्रेस की) सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

श्री गुप्ता ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, देश की जनता के सामने भी यह तथ्य आना चाहिए कि जो आरक्षण की बात करते हैं, उनका असली राजनीतिक चरित्र क्या है और उनकी आरक्षण को लेकर सोच क्या है? राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर जो केंद्र में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर आरक्षण खत्म करने की बात कही है, देश का ओबीसी समुदाय उसकी घोर निंदा करता है। श्री गुप्ता ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी इतिहास की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 1990 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट रद्द कर दी और लोकसभा में ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने का विरोध किया। राजीव गांधी ने तब यह भी कहा कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। लोकसभा में ऑन रिकॉर्ड यह कहकर राजीव गांधी ने ओबीसी समुदाय को अपमानित किया। श्री गुप्ता ने कहा, राजीव गांधी से पहले इंदिरा गांधी ने भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। नीरज चौधरी की किताब हाऊ प्रइम मिनिस्टर्स डिसाइड में यह लिखा हुआ है कि मंडल कमीशन की आरक्षण दिए जाने की रिपोर्ट को लेकर इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार के कानून मंत्री शिवशंकर से कहा, ऐसा एटीआर तैयार कीजिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।




### भाजपा के नाम से दुष्प्रचार कर रहे राहुल

श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान की दुहाई देते हुए यह दुष्प्रचार करके देश की भोली-भाली जनता को गुमराह किया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। चूंकि कांग्रेस का यह इतिहास रहा है कि ये आरक्षण विरोधी हैं और आरक्षण को खत्म करेंगे। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश पर राज किया और गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन 2014 में जब देश में एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना, तब सन 2018 में उस मंडल कमीशन की सिफारिशों के अनुरूप संवैधानिक तौर पर ओबीसी आरक्षण देने की क्रांतिकारी पहल

## जिले में तैयार की हार्ड और साफ्ट कापी में रिपोर्ट

# ओबीसी सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट में सामाजिक आर्थिक स्थिति की होगी पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जिलों में ओबीसी सर्वे का काम पूरा नहीं हो पाया है। मैदानी अमले को अपनी रिपोर्ट बुधवार तक देनी है। सर्वेयरों को घर घर जाकर 54 बिंदुओं वाला फार्म भरवाना था, सर्वे के काम में एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी सहायक, कार्यकर्ताओं और कुछ अन्य सरकारी कर्मियों को भी लगाया गया है।

निकाय चुनावों में आरक्षण तय करने के लिए सभी जिलों का डाटा तैयार करना था। सर्वे का काम मतदाता सूची पुनरीक्षण के साथ शुरू हुआ था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे अभी पूरा नहीं हो पाया है। बुधवार तक रिपोर्ट मांगे जाने पर हार्ड और साफ्ट कापी तैयार की जा रही हैं। बताया गया है कि आयोग को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी दी जाएगी। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे का काम आधा-अधूरा है। नवबंर-दिसंबर में निकायों का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व के संबंध में तैयारी पूरी करने की कवायद शुरू हो गई है। अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी की आरक्षण की स्थिति तय करने आंकडे जिलों के द्वारा दिए जाएंगे। बताया गया है कि पंचायत और नगरीय निकाय द्वारा कराए जा रहे सर्वे की रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से तैयार की जा रही है। जिलों में सर्वे की प्रगति को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। आयोग को सौंपे जाने वाली रिपोर्ट में मतदाता सूची में ओबीसी वर्ग की संख्या के आधार पर उन जिलों के सामजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया है।

### आरक्षण की स्थिति तय होगी

बताया जाता है कि निकाय चुनावों को लेकर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की स्थिति तय करने यह सर्वे कराया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम का आरक्षण तय करने अन्य पिछड़ा वर्ग के सीटों का प्रतिशत तय होगा। जिलों द्वारा तैयार की जा रही रिपोर्ट के आधार पर आयोग अपनी अनुसंशा शासन को भेजेगा। आयोग को तीन माह का समय दिया गया था, पूरा सर्वे होने के लिए यह समय कम माना जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आयोग के कार्यकाल में वृद्धि की संभावना भी बनी हुई है।

# बिल्डर एकेएस इंनफ़ॉटेक को 75.26 लाख रुपए जमा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने एकेएस स्मार्ट सिटी ग्राम पाहंदा जिला-दुर्ग के रहवासियों और आबंटितियों के पक्ष में ऐ ति हा सि क निर्णय करते हुए सं प्र व र्त क बिल्डर एके एस. इंन्फॉटेक को अपने प्रोजेक्ट के प्रचार-प्रसार विक्रय के लिए तैयार किए गए ब्रोशर विवरण अनुसार स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाने के कारण रहवासियों के सोसाइटी के पक्ष में स्वीमिंग पूल की लागत 25 लाख 17 हजार 400 रुपए तथा क्लब हाउस की लागत 50 लाख 09 हजार कुल 75 लाख 26 हजार 400 रुपए 45 दिन के भीतर फिक्स डिपॉजिट करने का आदेश पारित किया गया है। अनिता देवी, स्वाति केसरी और शशिकांत भुआल सभी निवासी एकेएस स्मार्ट सिटी पाहंदा ने रेरा में मई 2024 में शिकायत प्रस्तुत की थी कि उनके द्वारा 2019 में प्लॉट क्रय किया गया था, जिसमें बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधा, जिसमें स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस भी है, की सुविधा प्रदान करने का उल्लेख किया गया था। बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट में विकास कार्य करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पाटन से 07.08.2020 को पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किया, परन्तु उनके द्वारा अपने ब्रोशर अनुसार कॉलोनी में स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाया गया है। रेरा प्राधिकरण द्वारा इस शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए चार माह के भीतर सुनवाई कर आदेश पारित किया गया।

- अपनी योजना में स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाने की मिली थी शिकायत



## खबर संक्षेप



### शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती पहुंचे राजधानी, भव्य स्वागत

**रायपुर।** गोवर्धनमठ और पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का सोमवार को राजधानी आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। मंगलवार को रावांभाठा स्थित सुदर्शनम संस्थानम में दर्शन दीक्षा और हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती सोमवार को राजधानी पहुंचे। रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं ने फूलमाला पहनाकर जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। वे 26 सितंबर तक शंकराचार्य आश्रम परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी, आनंद वाहिनी की ओर से स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आगमन को लेकर पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### लोहारीडीह की घटना पर जोगी कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** कबीरधाम जिला के ग्राम लोहारडीह कांड पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, पहली बार आरएसएस और उससे जुड़े संगठनों ने 3 अक्टूबर 2021 को कवर्धा शहर में अंततः साम्प्रदायिकता का बीज बोने में सफलता हासिल की। 2 सालों तक भूपेश सरकार भी भाजपा से भी अधिक हिंदुत्ववादी दर्शाने के चक्कर में हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। उन्होंने मामले मूं उपमुख्यमंत्री और एसपी को तत्काल बर्खास्त करने, सभी पीड़ित परिवारों को 1 करोड़ रुपए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दी जाए। मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग रखी है।

# वर्ष 2016 से 2023 तक स्वीकृत साढ़े 29 हजार में 942 आवास अब तक अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत पहले चरण में वर्ष 2016 से 2023 तक रायपुर जिले में 29 हजार 480 आवास के निर्माण का टारगेट रखा गया था। यह टारगेट अब तक शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है। इस टारगेट की अपेक्षा 28 हजार 538 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जिसकी किस्तें भी जारी हो चुकी हैं, लेकिन इनमें 942 आवास अब तक अधूरे पड़े हुए हैं।

किस्त जारी नहीं होने के कारण इनका निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। इधर जिला पंचायत को दूसरे चरण में 22 हजार 110 आवास के निर्माण का टारगेट मिला है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पहली किस्त भी जारी कर दी है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण अब तक शत प्रतिशत पूर्ण नहीं**

### इन विधानसभा क्षेत्रों में अब तक अधूरे पड़े आवास

विभागीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2026-23 तक स्वीकृत अधूरे पड़े आवास में धरसींवा और रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हैं। बताया जा रहा है कि किस्त जारी नहीं होने के कारण इन आवासों का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।



*दूसरे चरण में आवास निर्माण के लिए पहली किस्त जारी : प्रधानमंत्री आवास निर्माण ग्रामीण के दूसरे चरण में जिले में 22 हजार 110 आवास बनाने का टारगेट जिला पंचायत रायपुर को दिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पहली किस्त भी जारी कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दूसरे चरण में आवास निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी।*

■ दूसरे चरण में घटा टारगेट

### नये टारगेट पर जल्द काम शुरू होगा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में 22110 आवास निर्माण का टारगेट दिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पहली किस्त जारी कर दी है। पहले चरण में 96.57 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं, शेष अधूरे आवासों का निर्माण कार्य भी जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा।

- विश्वदीप, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### एक साल में 2428 आवासों का निर्माण पूर्ण

जिले में जुलाई 2023 तक की स्थिति में 26 हजार 110 आवास का ही निर्माण कार्य पूर्ण हुए थे। दिशा समिति की बैठक में विभाग के अधिकारियों ने इसका आंकड़ा प्रस्तुत किया था। आंकड़ों के अनुसार 3 हजार 370 आवासों का निर्माण पूर्ण नहीं हुए थे। इस बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी गई थी कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किस्त जारी नहीं करने के कारण आवास पूर्ण नहीं हो पाए हैं। हालांकि इस बैठक के कुछ हफ्ते बाद ही बचे हुए आवास के लिए किस्त जारी की गई थी, जिसके बाद 2428 आवास के निर्माण भी पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन 942 आवास अब तक अधूरे हैं। इसकी आवास का निर्माण पूर्ण क्यों नहीं हो पाए है, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी भी देने से कतरा रहे हैं।

### लंबित प्रकरणों की संख्या डेढ़ लाख के करीब

# ट्रांसफर के 10 दिन बाद भी रिलीव नहीं तहसीलों में कामकाज हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में थोक में तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदारों का ट्रांसफर किया गया है। ट्रांसफर आदेश जारी करने के 7 दिन के भीतर सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दूसरे जिले के नवीन कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करना था। आदेश जारी हुए 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन रायपुर सहित कई जिलों में अभी तक कई तहसीलदार वर्तमान कार्यालय में ही जमे हुए हैं। इसके कारण तहसील कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित होने लगा है, जिससे राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों की संख्या भी डेढ़ लाख के करीब पहुंच गई है।

हरिभूमि सरोकार

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 13 सितंबर को थोक में प्रदेश के कई जिलों के राजस्व अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया था। इस आदेश में निर्देशित किया गया था कि 7 दिवस के भीतर ट्रांसफर हुए सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को नवीन पदस्थापना जिला में जाकर कार्यभार संभालना है। इस आदेश को 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कई जिलों में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अब तक रिलीव नहीं किए जा रहे हैं। इधर अधिकारियों के रिलीव नहीं किए जाने के कारण तहसील कार्यालयों के कामकाज भी प्रभावित होने लगे हैं, जिसके कारण तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की सुनवाई भी नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि प्रदेशभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा भी डेढ़ लाख के करीब पहुंच गया है।



### जाति-मूल निवास, आय प्रमाणपत्र भी नहीं बन पा रहे

तहसील कार्यालयों में जाति, मूल निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए विद्यार्थी लगातार चक्कर काट रहे हैं। तहसील कार्यालयों में प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्या को देखते हुए विद्यार्थी अब कलेक्टोरेट जनसस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायतें करने लगे हैं, जिसका त्वरित गति से निराकरण भी किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी

सूत्रों के अनुसार कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को रेडक्रास सभागार में टीएल की बैठक ली। इस बैठक के दौरान उन्होंने तहसीलों में जाति, मूल निवास आदि प्रमाण पत्र बनाने में विलंब करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों का जल्द से जल्द जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र बनाकर दें, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़े। उन्होंने राजस्व संबंधी अन्य प्रकरणों का भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

### जिले से अब तक एक भी तहसीलदार रिलीव नहीं

रायपुर जिले से 4 तहसीलदार एवं 5 नायब तहसीलदारों का ट्रांसफर किया गया हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें अब तक एक भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को रिलीव नहीं किया गया है, वहीं दूसरे जिलों से यहां आने वाले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में भी कुछेक ही कार्यभार ग्रहण करने यहां पहुंचे हुए है। बताया जा रहा है कि कोरबा से मनीष देव साहू को रायपुर भेजा गया है। वे कोरबा से रिलीव भी हो गए हैं, लेकिन रायपुर में अब तक उन्हें कार्यभार सौंपा नहीं गया है, क्योंकि रायपुर से अब तक 4 तहसीलदारों में किसी को भी रिलीव नहीं किया गया है।

### रिलीव नहीं किए जाने से हो रहा कामकाज प्रभावित

ट्रांसफर के बाद भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को रिलीव नहीं किए जाने के कारण अब जिले में भी राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित होने लगे हैं। यही कारण है कि जिले में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या 8 हजार से अधिक है।

# गुढ़ियारी में 11 करोड़ की लागत से बनेगा स्मार्ट मीटर के कंट्रोलरूम का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में हर वर्ग के उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। हालांकि सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदलने में करीब दो साल लगेगा। अभी प्रदेश में दो लाख से ज्यादा मीटर लगे हैं। पांच संभागों को तीन संभागों में बांटकर दो कंपनियों को ठेका दिया गया है। स्मार्ट मीटर के लिए कंट्रोलरूम गुढ़ियारी में बनेगा, अभी अस्थाई कंट्रोलरूम से काम चलाया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने कंट्रोल रूम के लिए स्थान तय कर दिया है। गुढ़ियारी में इसके लिए करीब 11 करोड़ की लागत से भवन बनेगा। इसको बनने में डेढ़ से दो साल लगेंगे।

■ अब तक प्रदेश में घरेलू और गैरघरेलू उपभोक्ताओं के दो लाख से ज्यादा पुराने मीटर बदले जा चुके

रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बिलासपुर, सरगुजा के साथ दुर्ग, बस्तर और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग का काम जीनस कंपनी को मिला है। दोनों कंपनियों ने तीनों संभागों में मीटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया है। सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम हो रहा है। इसी के साथ दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शन में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। यहां भी काम चल रहा है। प्रदेश में कुल मिलाकर 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### इस साल प्रीपैड होना मुश्किल

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है, अभी कनेक्शन प्रीपैड करने में समय लगेगा। पहले तो यह देखा जाएगा कि मीटर पूरी तरह से सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं। सभी तरह की समस्या का समाधान होने के बाद ही प्रीपैड कनेक्शन करने पर विचार होगा। इसी के साथ आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल कम से कम कोई भी कनेक्शन प्रीपैड नहीं किया जाएगा।

### रायपुर से ही कट हो जाएगी बिजली

स्मार्ट मीटरों के लिए गुढ़ियारी में कंट्रोल रूम बनेगा। अभी अस्थाई कंट्रोलरूम भी यहां बनाया गया है। अब तक जो भी मीटर लगे हैं, उनको यहां पर पूरा डाटा ऑनलाइन देखा जा सकता है। अभी मीटरों को पोस्टपैड मोड में लगाया जा रहा है। जब केंद्र और राज्य सरकार चाहेगी तब मीटरों को प्रैपेड कर दिया जाएगा। मीटरों के प्रीपैड होने के बाद रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। अगर कोई उपभोक्ता रीचार्ज नहीं कराएगा तो उसका कनेक्शन रायपुर से ही कट हो जाएगा, फिर चाहे वह बस्तर के किसी स्थान का उपभोक्ता हो या फिर सरगुजा के किसी स्थान का। इसके लिए रायपुर के गुढ़ियारी में स्थाई कंट्रोलरूम बनेगा। इसके लिए भवन बनाने का काम जल्द प्रारंभ होगा।

## ऑनलाइन चाकू मंगाने वालों की जानकारी नहीं देने पर अमेजन के यार्ड में छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्थानीय बदमाश स्थानीय स्तर पर चाकू खरीदने की जगह चाइनीज मेड तथा अन्य गंभीर तथा घातक किस्म के चाकू ऑनलाइन शॉपिंग साइट में आर्डर कर रहे हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिग साइट को चाकू मंगाने वाले लोगों की जानकारी देने पत्र लिखा था। पत्र लिखने के बाद भी चाकू मंगाने वालों की जानकारी नहीं देने पर पुलिस ने अमेजन के गोदाम तथा ऑफिस में सोमवार को छापे की कार्रवाई की। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक चाकू मंगाने वालों के बारे में जानकारी नहीं देने पर पुलिस की टीम अमेजन साइट के मोवा, देवपुरी, डीडी नगर स्थित ऑफिस एवं गोडाउन में छापे की कार्रवाई करने के लिए पहुंची। पुलिस अफसर के अनुसार पूर्व में अमेजन, स्नैपडील एवं फ्लिपकार्ट से चाकू मंगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो हजार से ज्यादा चाकू जब्त किया था।






# महिला आयोग ने सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट मानवाधिकार आयोग को भेजी जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस द्वारा महिलाओं पर की गई बर्बरता की जांच की

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने कवर्धा के ग्राम लोहारीडीह में आगजनी के बाद पुलिस की बर्बरता की शिकार हुई महिलाओं की जांच रिपोर्ट तैयार कर इसकी कॉपी सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को भेजी है। आयोग ने तथ्य के आधार पर जांच रिपोर्ट के साथ फारेंसिक रिपोर्ट एवं रेकमेन्डेशन रिपोर्ट भी भेजी है।

### चोटों को छिपाने की चल रही तैयारी

महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक का कहना है कि छत्तीसगढ़ में यह पहली घटना है, जिसमें पुलिस ने 33 महिलाओं पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया है। इस मामले में महिलाओं के शरीर पर चोटों के इतने गहरें निशान है, जिसे देखकर ही पता चलता है कि उन्हें किस बेदर्दी से पीटा गया है। उन्होंने बताया कि जेल में बंद जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसके शरीर से ज्यादा महिलाओं के शरीर पर चोटों के निशान हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं फारेंसिक एक्सपर्ट हूं। निशान देखकर बता सकती हूं कि महिलाओं को किस बर्बरता से पीटा गया है। उन्होंने कहा कि इन चोटों के निशान छिपाने की तैयारी प्रशासन द्वारा की जा रही है।

### 2 दिन तक चली जांच, सैकड़ों पन्नों की रिपोर्ट

महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि महिलाओं पर की गई बर्बरता की जांच करने में उन्हें दो दिन लग गए। उन्होंने बताया कि जांच बारिकी से की गई है। इसके कारण रिपोर्ट सैकड़ों पन्नों की बनी है।

### आयोग ने 5 बिंदुओं पर रेकमेन्डेशन रिपोर्ट भेजी

किरणमयी नायक ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने 5 बिंदुओं पर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के राज्यपाल को रेकमेन्डेशन रिपोर्ट भी भेजी है, जिसमें दुर्ग जेल में बंद 33 महिला बंदियों का डॉक्टरी तत्काल मुलायजा और उनकी चोटों की विडियोग्राफी कराने, एसपी अभिषेक पल्लव के साथ ग्राम लोहारीडीह में जाने वाले अन्य पुलिस अधिकारी और महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की शिनाख्ती परेड कराई जाए तथा 33 महिलाओं को मारने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कराई जाए। जेल में बंद कैदी प्रशांत साहू की मौत के लिए जिम्मेदार एसपी सहित अन्य दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बिना सर्च वारंट के महिलाओं के घर का दरवाजा तोड़कर की गई गिरफ्तारी और थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर प्राणघातक हमला करने वाले सभी पुलिस अधिकारी-कर्मियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा 14 से 20 सितंबर तक एसपी के शासकीय एवं पर्सनल मोबाइल के पूरे कॉल डिटेल निकलवा कर इसकी जांच कराई जाए एवं जांच होने तक उन्हें निलंबित किया जाए।

## पिता की पुण्यतिथि पर स्कूली बच्चों को कराया भोजन

**रायपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला कुशालपुर में कर्मचारी नेता स्व. अनिरुद्ध सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर शाला के सभी बच्चों को उनके पुत्र सुभाष सिंह ठाकुर द्वारा भोजन कराया गया। उक्त नेवता भोजन कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी पहुंचे। कार्यक्रम में उषा ठाकुर, रामगुलाम सिंह ठाकुर, कर्मचारी नेता विजय कुमार झा, भाजपा नेता सालिक सिंह ठाकुर, राधेहरि सिंह ठाकुर, कर्मचारी नेता रमेश शर्मा, पवतेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर भाजपा नेता रमेश सिंह ठाकुर समेत कुशालपुर के नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुरावन पिता टीकाराम निवासी बोरिया तहसील व जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम डंगनिया प.ह.न. 08 तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 696 रकबा 0.72 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 27/09/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व साजा**
**जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

## धर्मशाला निर्माण के लिए पंद्रह लाख रुपए का दान

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर प्रांगण में बन रहे धर्मशाला में सभाकक्ष निर्माण के लिए अंचल के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे अधिवक्ता कमलनारायण शर्मा परतेवा वाले की स्मृति में उनकी सुपुत्री सविता पाठक, पत्नी डाक्टर विजय प्रकाश पाठक सुंदर नगर ने शर्मा परिवार की ओर से पंद्रह लाख रुपए की दानराशि चेक द्वारा मंदिर जाकर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की। मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने सविता पाठक एवं डाक्टर विजय प्रकाश पाठक को उनके इस अनुकरणीय सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन की है। इस अवसर पर स्वर्गीय शर्मा के अनुज एडवोकेट चंद्रप्रकाश शर्मा, डॉक्टर विजय प्रकाश पाठक, स्व. शर्मा की पुत्रियां अरुणा चौबे, पद्मजा तिवारी, सहित परिवारजन मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ट्रस्ट कमेटी के सदस्य प्रदीपनारायण तिवारी, हरीश मिश्रा, संजय दीवान एवं चंद्रकांत पांडेय उपस्थित थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाबा दरबार में नवरात्रि की तैयारी शुरू



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 3 से 11 अक्टूबर तक शारदीय क्वांर नवरात्रि महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि की तैयारी को लेकर दरबार में रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है साथ ही साफ सफाई की जा रही है। दरबार में ज्योति कलश के लिए 701 रुपए शुल्क राशि निर्धारित किया गया है। लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विजय शर्मा ने बताया कि 3 अक्टूबर को घट स्थापना की जाएगी।

### नवोदय के लिए अनिकेत और सागर का चयन




**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा से कक्षा छठवीं के छात्र अनिकेत देवांगन पिता तोसन लाल देवांगन एवं सागर भंडारी पिता जागेश्वर सिंह भंडारी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के लिए हुआ है। इनके चयन पर संस्था प्राचार्य डी.आर. देवहरे, प्रधान पाठक माध्यमिक विभा चंद्राकर, प्रधान पाठक प्राथमिक अभिषेक शुक्ला एवं समस्त स्टाफ बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### जवाहर उत्कर्ष योजना के लिए काव्या व प्राची का चयन




**जामगांव आर।** जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 2023–24 में प्रवेश के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर विद्यालय की छात्रा काव्या कोठारी पिता लक्ष्मण कोठारी व प्राची मंडावी पिता देवनाथ मंडावी का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश केला, विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई, प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रधानपाठक खैरुन निशा खान सहित सभी शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### शासकीय बालक शाला के छात्रों ने किया श्रमदान

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत संस्था के समस्त छात्रों एवं शिक्षक द्वारा 24 सितंबर दिन मंगलवार को शाला परिसर एवं शाला के बाहर श्रमदान किया गया। श्रमदान के लिए शाला नायक डोमेश कुमार ओरेंद्र ने अपने कैबिनेट का धन्यवाद किया। समस्त कक्षा नायक ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर मनोज कुमार देवांगन, लक्ष्मी चंद सोनवानी , लिखमी चंद सार्वा, वंदना साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन लोकेश्वर सिंह निषाद ने किया।

---

भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने विधायक ने ली युवाओं की बैठक

# हर घर में पहुंचकर बनाएं भाजपा का सदस्य प्रदेश में बेमेतरा को सबसे आगे लाना है : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी का सदस्य बनाने के लिए किया प्रेरित

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिला संगठन के मार्गदर्शन में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के युवाओं की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से आये के युवा साथी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने सभी युवा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मजबूत है, जो हर परिस्थिति में पार्टी के लिए और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। हम सब मिलकर इस सदस्यता अभियान को लेकर प्रत्येक वर्ग - समुदाय, मोहल्ला के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को लेकर जाना है और रिकॉर्ड तोड़ते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़कर प्रदेशभर में बेमेतरा विधानसभा को सबसे आगे लाना है। इसके लिए हम सबको मिलजुल कर काम करना होगा। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में जो विकास के काम हुए हैं, उनको लेकर जन जन तक जायेंगे और भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा में जोड़कर सदस्यता ग्रहण करने में हम सब अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### कार्यकर्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाने का लिया संकल्प

बैठक के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों को अधिक अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया। श्री साहू ने कहा की आप सभी संगठन के इस महापर्व को समर्पण भाव से निभाएं। इस अवसर पर मोंटी साहू शहर मंडल अध्यक्ष, ललिता साहू जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, विकास तंबोली, महेश साहू, संतोष वर्मा शहर महामंत्री, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा, धर्मेन्द्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा शहर बेमेतरा, जितेंद्र साहू, गौरव साहू, पार्षद नीलू राजपूत, डॉक्टर शिवेंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# शासकीय विद्यालय खपरी धोबी में चिरायु टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ स्वच्छता का बताया महत्व, साफ-सफाई के लिए किया प्रेरित

स्वच्छता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में स्वास्थ्य विभाग से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने चिरायु टीम भी पहुंची।

विद्यालय परिवार के साथ बच्चों शिक्षकों के साथ स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर शाला प्रांगण को साफ सफाई करने में सहयोग प्रदान किया। चिरायु टीम ने बच्चों को स्वस्थ रहने और स्वच्छ रहने के बारे में बच्चों को बताया। बच्चों को बताया गया कि हमें प्रतिदिन खाना खाने से पहले हाथ धोना चाहिए। शौच से आने के बाद हमें हाथ धोना चाहिए। साथ ही साथ हमें अपने कपड़े और नाखून की सफाई पर हमें ध्यान देना चाहिए। अपने घर में भी साफ सुथरा भोजन करना चाहिए और अपने दांतों का प्रतिदिन सफाई करनी चाहिए। शरीर को स्वच्छ रखने में स्वयं को ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए विद्यालय परिवार ने चिरायु टीम का धन्यवाद किया। साथ ही प्रधान पाठक धनेश रजक ने सभी बच्चों रसोइया, सफाई कर्मी सभी को स्वच्छता अभियान पर अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि हम स्वयं को स्वच्छ रहना है, स्वच्छता पर ध्यान देना है। रसोइयों को भी कहा कि आप लोग भी भोजन स्वच्छता को ध्यान में रखकर बनाएं।

---

# लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या कॉलेज में मनाया गया एनएसएस दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के ओजस्वी नारों के साथ की गई। इस दौरान एनएसएस के प्रेरणा वाक्य मैं नहीं आप का अर्थ बताया गया। इस अवसर पर बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है।


युवाओं को सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के बारे में जागरूक करना। युवाओं को नेतृत्व और संगठन कौशल विकसित करने में मदद करना है। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयं सेवकों ने गीत संगीत भाषण और नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। संस्था की प्राचार्या डॉ विनिता गौतम ने विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़ने एवं अपने व्यक्तित्व का विकास कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम प्रभारी सरस्वती चौहान ने विद्यार्थियों को एनएसएस के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को विद्यालयों की लगातार

# डीईओ ने फिर पकड़ी गड़बड़ी निरीक्षण के दौरान शिक्षक नदारद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखण्ड नवागढ़ का जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय हाईस्कूल चिचोली में संतोषी चौबे व्याख्याता बिना किसी सूचना व आवेदन के अनुपस्थित पाये गये।

इसी प्रकार मुर्रा हाईस्कूल से शैलेश कोसरे व्याख्याता पिछले दो दिन से बिना किसी सूचना व आवेदन के अनुपस्थित मिले। इस संबंध में संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को सख्त हिदायत दी गई कि बिना किसी आवेदन के किसी भी शिक्षक या व्याख्याता का अवकाश स्वीकृत न किया जाए। संबंधित दोनों व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर दोनों शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गये। इसी सिलसिले में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा विकासखंडो में जाकर प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों की लगातार बैठकें ली जा रही है।

### नवागढ़ विकासखंड के एक शिक्षक को किया जा चुका है निलंबित

गौरतलब है कि इस वर्ष को जिले में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिले के आला अधिकारियों के द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता लाने विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और शिक्षा में गुणवत्ता लाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मॉनिटरिंग के दौरान शिक्षकों की लगातार अनियमित उपस्थिति देखने को मिल रही है। निरीक्षण के दौरान पता चलता है कि सितंबर निकलने को है और कई विद्यालयों में अभी तक टाइम टेबल भी नहीं बना है। अगर बना भी है तो उसका पालन भी नहीं हो पा रहा है। कई विद्यालयों के शिक्षक और प्राचार्य बिना सूचना और आवेदन के स्कूल से गायब मिल रहे हैं। ऐसे सभी शिक्षक एवं प्राचार्य के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में नवागढ़ विकासखंड के एक शिक्षक को निलंबित भी किया जा चुका है।

---

स्वच्छता अभियान के तहत की जा रही सार्वजनिक स्थानों की सफाई

# स्वच्छता के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जुटे जनप्रतिनिधि व आम नागरिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विभिन्न संस्थाओं, सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों के समीप श्रमदान कर सफाई किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिले में 51 स्थलों को चिन्हित किया गया है। जहां लोगों द्वारा काफी लंबे समय से कूड़ा–कचरा फेंका जाता है। ऐसे स्थानों पर आज श्रमदान के माध्यम से साफ–सफाई की गई है। इसी तारतम्य में मंगलवार को जिले के झलमला स्थित बस स्टैण्ड के आसपास श्रमदान कर साफ–सफाई किया गया। श्रमदान में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू, प्रेम साहू, जितेन्द्र साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत झलमला सहित रेडक्रास वालंटियर्स, बिहान के सदस्य, स्वच्छाग्राही महिलाओं और बड़ी संख्या में लोगो ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से स्वच्छता में सामुदायिक भागीदारी निभाते हुए गांव को हमेशा स्वच्छ बनाए रखने की अपील की।

### बोरसी में चला स्वच्छता अभियान

**अंडा।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम चंदखूरी व वार्ड 51 सुभाष चौक बोरसी गौठान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण और अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया और स्वस्थ जीवन के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, डीलेश साहू, नूतन निर्मलकर, विक्रम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए अश्वन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेरला ब्लॉक कार्यकारिणी का किया गया गठन

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के बेरला ब्लॉक कार्यकारिणी गठन का किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश जयसवाल की सहमति से संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अश्वन जांगड़े को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना । इसके साथ ही पूरी ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारणी गठन की प्रकिया संपन्न कराने के लिए ज़लिा सचिव राकेश बंछोर और ज़लिा मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चन्द्राकर के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष नंदनी क्षत्री व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र क्षत्रपाल मोजूद रहे। इस दौरान ब्लॉक के सभी महिला पर्यवेक्षक, पुरुष पर्यवेक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में जहां अश्वन जांगड़े को जिम्मेदारी दी गई वहीं ब्लॉक उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ संतोषी रात्रे, ब्लॉक महामंत्री नरेन्द्र क्षत्रपाल, ब्लॉक सचिव रूपेंद्र वर्मा ,ब्लॉक सह सचिव संतोष साहू ,ब्लॉक कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ,ब्लॉक प्रवक्ता तोखन चंद्रवंशी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी बोधन साहू और प्रचार प्रसार मंत्री ऋषि साहू ब्लॉक संरक्षक नंदनी क्षत्री बनाए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सदस्यों ने बधाई दी।

---

शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में शिक्षिका थीं हिमकल्याणी

# राज्यपाल पुरस्कार में मिले 21 हजार रुपए शिक्षिका ने स्कूल को भेंट की एंड्राइड टीवी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला की प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा ने अपने पूर्व स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में 12800 रूपए की 43 इंच का एंड्राइड टीवी भेंट किया।

शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा 17 वर्षों तक शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थीं। वर्तमान में 16 अगस्त 2024 से साजा विकास खंड के शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में प्रधानपाठक का कार्यभार ग्रहण किया है। 5 सितंबर 2024 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुई हैं। इसके तहत उन्हें 21 हजार रूपए का चेक मिला है। शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा ने पहले ही शाला को टीवी देने की सोच रखी थी। बच्चों के अंदर डिजिटल सोच पैदा करने, शिक्षा में गुणवत्ता लाने, बच्चों को मनोरंजक तरीके से पढ़ाने, भाषा कौशल विकास को बढ़ावा देने, दृश्य सोच और कल्पना शक्ति में विकास करने के उद्देश्य से शाला को टीवी प्रदान की। इससे बच्चों को चित्रात्मक कहानी, अभिनय, क्राफ्ट वर्क, रंगों की पहचान करना, दार्शनिक पर्यटक स्थलों को देखना, जानवरों को देखकर पहचान करना, जैसे कई मनोरंजक गतिविधि से जोड़ सकते हैं।

### पहले भी कर चुकी हैं कई कार्य

इसके पहले भी नवाचारी शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा स्वयं के व्यय से प्राथमिक शाला सैगोना में तीन नग ग्रीन मेट ली है। कक्षा में टाइल्स लगवाई है, खिलौना कार्नर बनवाई है, स्मार्ट शाला हेतु 10 हजार तक की नगद राशि की सहयोग की है, शिक्षिका पुरस्कार के बचे राशि को भी शाला विकास कार्य में खर्च करने की बात कही है। शिक्षिका सभी बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिठाई खिलाई। शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा, सीएसी पवन साहू, पीरेंद्र वर्मा, नीमा वर्मा, लक्ष्मीन सिन्हा, सुनीता वर्मा, सुरेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, उत्तम वर्मा सभी उपस्थित रहे, शिक्षिका की कार्य की सराहना करते हुए शाला को टी वी प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।





